Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-06-2023 | अंक 599

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com


## न्यूज ब्रीफ

## बरही : झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस गर्मी से लोगों को मिली राहत



**अपेम लाइव : बरही**

बरही : सोमवार को देर शाम लगभग 4 : 30 बजे तेज हवा के साथ झमाझम बारिश से बरही का मौसम सुहाना हो गया है। पिछले कई सप्ताह से प्रचंड गर्मी से लोग परेशान थे, किंतु आज शाम हुई बारिश से पूरा वातावरण ठंडा हो गया है। वहीं बारिश से आम जनजीवन को बड़ी राहत पहुंची है। दोपहर को आसमान में काले बादल छाए रहने से सूर्य के तापमान में भी गिरावट महसूस की गई। परंतु शाम होते ही तेज हवाएं और गरजते बादल के बीच झमाझम बारिश से मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया और मौसम खुशनुमा हो गया है। वहीं महीनो बाद हुई झमाझम बारिश को देख आम जनमानस सहित बच्चों ने भी बारिश के पानी में नहा कर जमकर मस्ती की। जोरदार बरसात से हो रही भीषण गर्मी से आमजन को राहत मिली है।

## सरकार की रोक के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा बालू का उठाव



**अपेम लाइव : चलकुशा**

चलकुशा (हजारीबाग) एनजीटी के द्वारा 10 जून से नदियों से बालू उठाव पर रोक लगने के बावजूद भी चलकुशा थाना क्षेत्र के सेवाटांड, दुमदुम,बडानो, मसकेडीह, चौबे, चलकुशा विभिन्न बराकर नदी घाट से बालू का उठाव रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं खनन माफियाओं के द्वारा प्रतिदिन कई दर्जनों ट्रेक्टर बालू का उठाव किया जा रहा है।ओर अन्य प्रखंडों में चार से पांच हजार रुपए प्रति ट्रेक्टर बालू की बिक्री किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर खनन माफियाओं के द्वारा बेखौफ होकर बालू डंप करवा कर दुसरे जिला के साथ साथ दुसरे राज्य बिहार तक भेज कर मालामाल हो रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल रेफर



**अपेम लाइव : बिरनी**

प्रखण्ड के रांची–दुमका मुख्य मार्ग प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना हो गई । जिसमें बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए । जिसकी पहचान पड़रिया निवासी 31 वर्षीय मुनिलाल साव के रूप में हुई है । बता दे कि मुनिलाल बरहमसिया से बिराजपुर जा रहे थे तभी अचानक साइकिल आ गई जिसे बचाने के दौरान बाइक चालक गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी पहुंचाया जिसका उपचार डॉ ताज ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया ।

# श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव की तैयारी पूरी, कल निकाला जाएगा भव्य रथयात्रा

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव के प्रमुख डॉ केशवानंद, उज्जल सखा प्रभु, संजय सिंह, बिनोद सिंह, अभिषेक सिंह ने पूरे समारोह की जानकारी दी







**अपेम लाइवः चौपारण**
**चंदन राणा**

महामहोत्सव की शुरुआत सुबह आठ बजे होगी सियरकोनी जगरन्नाथ मंदिर से..। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को विभिन्न वाहनों पर सवार कर गाजे बाजे के साथ चौ. थी मोड में खड़े रथ पर लाया जाएगा। बताया कि लगभग दो सौ बाईक व वाहनों के साथ भगवान को लाया जायेगा। चौथी मोड में रथ पर सुबह नौ बजे पूजा अर्चना आरंभ होगी। यहां विशिष्ट अतिथियों तथा श्रद्धालु भक्तों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पुरी तथा विदेशों से आये भक्त परफार्म करेंगे। इसके बाद रथ यात्रा ग्यारह बजे आरंभ होगा। साढे चार बजे रथयात्रा संपन्न होगा।

### रथ के साथ तीन ट्रेलर पर परफार्म करेंगे भक्त, रथ के पीछे प्रसाद वाहन, एंबुलेंस रहेगा

रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण तीन अलग अलग ट्रेलर वाहन पर सवार होकर परफार्म करने वाले देशी तथा विदेशी भक्त होंगे। रथ के आगे रस्सी खींचने वाले भक्त तथा उससे आगे ये वाहन होंगे। सबसे पहले बैंड ताशा पार्टी, उसके बाद विदेशी भक्तों के साथ एक ट्रेलर जो हरिनाम संकीर्तन करेंगे। दुसरे वाहन पर पुरी,उडीसा के कलाकार परफार्म करेंगे। तीसरे पर स्थानीय मंदिर से जुडे होनहार अमन की टीम होगी। इसके बाद रथ रहेगा. रथ यात्रा सात जगहों पर रुकेगी जिसमें हनुमान मंदिर लोहारपट्टी 11.50 उ, काली मंडप 12 .30 चउ , ठाकुर बाडी 1 चउ, लक्ष्मी मंदिर 2 चउ, देवी मंडप चतरा मोड 3चउ, दुर्गा मंदिर चतरा रोड3.20 चउ, रानीक मोड 3.50 चउ के बाद सीधे बिगहा मंदिर तक जायेगा

### हर दो सौ मीटर पर पेयजल की व्यवस्था

रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तों की सेवा में स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी आगे आ रहे हैं। अभिषेक सिंह ने बताया कि हर दो सौ मीटर पर गरमी की अधिकता के कारण पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसमें कात्यायनी मंदिर कमिटि द्वारा चौथी मोड के समीप, पूर्व मुखिया शौकत खान द्वारा पिलर नंबर 45 के समक्ष, अनिल केशरी द्वारा जगदीश हार्डवेयर के समक्ष, रिशु बर्णवाल द्वारा ब्लाक मोड के समक्ष, ईलु जैन, सुरज जैन द्वारा ठाकुर बाडी के समक्ष, पूर्व विधायक मनोज यादव द्वारा पेय पदार्थ ठाकुर बाडी के समक्ष, सन्नी अग्रवाल द्वारा लक्ष्मी मंदिर के समक्ष, दिलीप राणा एवं अन्य द्वारा बस स्टैंड, करनी सेना द्वारा चतरा मोड, रामभरोस सिंह द्वारा चतरा रोड, समाजसेवी द्वारा रानीक मोड और मुखिया संघ द्वारा बिगहा में पेयजल की व्यवस्था होगी।

### विहिप के 150, दुर्गा वाहिनी की चालीस सदस्या और चालीस बाउंसर भी देंगे सेवा

आयोजक अभिषेक सिंह, बिनोद सिंह तथा संजय सिंह ने बताया कि पूरे आयोजन में संगठन के दो सौ से अधिक वांलिटयर के साथ,विहिप के 150 सदस्य, दुर्गावाहिनी के चालीस सदस्या तथा रांची से चालीस बाउंसर की व्यवस्था होगी।

### प्रशासन ने छः मजिस्ट्रेट नियुक्त किए, पुलिस बल भी तैनात

रथयात्रा को लेकर प्रशासन ने छः मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसमें सियरकोनी में मुकेश कुमार रविदास, चतरा मोड के समीप अभिषेक कुमार, बिगहा मंदिर में पंकज कुमार, चौथी मोड के समीप अफरोज अंसारी, जुलुस के साथ राजेश कुमार, संतोष कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं बडी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

### सात पार्किंग स्थल बनाये गये

बडी संख्या में आने वाले लोगों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। चतरा रोड के श्रद्धालुओं के लिए शिवकुमार सिंह के होटल के पास, बरही की ओर से आनेवाले लोगों के लिए सिंहलोक होटल और बारा, बसरिया रोड के श्रद्धालुओं के लिए बा. लाबांध, केंदुआ मोड के समीप, अधिकारियों के लिए ब्लाक मैदान तथा वीआईपी गेस्ट के लिए थाना के सामने पार्किंग बनाया गया है।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बगोदर में सड़क हादसे में बनासो निवासी युवक की मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ के बनासो निवासी एक बाइक सवार की बगोदर थाना क्षेत्र के बेलगांय में सोमवार की सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव (40) पिता चमटु यादव के रूप में की गई। बताया जाता है कि वीरेंद्र अपनी बाइक में स्टीम कोयले की बोरियां लादकर उसे ईंट भट्ठे में पहुंचाने के लिए बनासो स्थित अपने घर से सुबह पांच बजे निकला था। इसी दौरान बेलगांय पहुंचने पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। जोरदार टक्कर होने के कारण मौके पर हीं उनकी मौत हो गई। इस घटना में दूसरे बाइक पर सवार युवक के भी गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना के बाद बगोदर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। इधर, घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि वीरेंद्र की माली हालत खराब रहने के कारण वह किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। इस घटना के बाद परिजनों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## बरही : कांग्रेसियों ने मनाई राहुल गांधी का जन्मदिन

**अपेम लाइव : बरही**




बरही हजारीबाग रोड स्थित कांग्रेस कार्यलय में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की ष्राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। संवैधानिक मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में आपका साहस सराहनीय है। आप करुणा और साहस का संदेश फैलाते हुए सत्ता के लिए सच बोलना जारी रखें और लाखों भारतीयों का आवाज बने। साथ ही साथ उन्होंने कहा की राहुल गांधी जी इस अंधेरे समय में प्रकाश की किरण है, जो एक विकसित, सुरक्षित और शांतिप्रिय भारत का सपना देखते है। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छब्बू गोप, मो तौकीर रजा, बिरेंद्र यादव, तोखन रविदास, मो वारिस अंसारी, मो तैयब अंसारी, राजकुमार यादव, अशोक कुमार सिंह, गुड्डू निषाद, पंकज पासवान, छोटी ठाकुर, छोटेलाल यादव, लालधारी महतो, मुकेश निषाद एवं मनोज रविदास सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## परहिया टोला में सोलर जलमिनार खराब, बीडीओ ने दिए मरम्मती के निर्देश

**अपेम लाइव : लातेहार**




बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम अंतर्गत चंद्रदाहा टोला में निवास करने वाले आदिम जनजाति परहिया समाज के लोग बीते एक महीने से प्रतिदिन धधधड़ी नदी से पानी लाकर पीने को विवश है। परहिया टोला में लगा सोलर जलमिनार पिछले एक माह से खराब होने के कारण विलुप्त प्रजातियों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 के पास लगा चापानल भी महीनों से खराब है। इसकी जानकारी मिलते ही बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर पीएचडी विभाग के द्वारा खराब पड़े चापानल की मरम्मती तो करा दी गई। लेकिन जलमिनार अब तक नहीं बन सका हैं। बता दें कि यह वही पंचायत है, जिसका शासन प्रशासन द्वारा पिछले कई वर्षो से डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिशन के तहत पंचायत को मॉडल और शहरों की तर्ज पर विकसित करने का ढोल पिटा जा रहा है।

## बालूमाथ में नहीं थम रहा हाथियों का आतंक

**अपेम लाइव : लातेहार**




बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के घुटाम ग्राम में रविवार के देर रात हाथियों के एक झुंड ने सुधीर उरांव पिता मिंटू उरांव ,ब्रह्मदेव उरांव पिता सहदेव उरांव तथा सधवा उरांव पिता सुरेंद्र उरांव के घर को ध्वस्त कर सारे अनाज को चट कर गया।भुक्तभोगी ने बताया कि इस दौरान 2 से ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने वर्तमान समय में रहने के लिए घर और अनाज मुहैया कराने की मांग प्रशासन से की है । मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष बालूमाथ नगदेव उरांव ,खरवार भोगता बिकास संघ जिला अध्यक्ष प्रेम चंद गंझु , भाजपा मण्डल मंत्री अखिलेश भोगता, ब्रह्मदेव उरांव ,योगेंदर गंझु,पंचायत समिति सदस्य बर्मदेव उरांव, पंचायत समिति सदस्य आरा गुंडी सीता कुमारी, सूरज उरांव, संतोष यादव ,राजू उरांव, लखन उरांव, माधव सिंह, बालू मुखिया संध्या देबी, संतु उरांव ,आदि मौजूद थे।

## चदली डैम में डूबे युवक का शव दुसरे दिन हुआ बरामद

**अपेम लाइव : लातेहार**



बालूमाथ/लातेहार : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के चदली डैम में रविवार को मछली पकड़ने के दौरान डूबे युवक रविंद्र उरांव का शव सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से डैम से निकाल लिया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहारें सदर अस्पताल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मारंगलोईया गांव निवासी रविंद्र उरांव अपने कुछ मित्रों के साथ रविवार को मछली पकड़ने डैम में गया था। मछली पकड़ने के दौरान ही रविंद्र का पैर फिसल गया और वह डैम के गहरे पानी में गिर गया था।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रवींद्र को ढूंढने में सफलता नहीं मिली ।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी रविंद्र उरांव के शव को ढूंढने का काफी प्रयास किया।लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण लोग रविंद्र के शव को ढूंढने में सफल नहीं हो पाए थे। बताया जाता है कि रविंद्र उरांव जिस जगह पर पानी में गिरा था, वहां गहरे पानी में शैवाल भी थे। आशंका जताई जा रही है कि पानी में गिरने के बाद युवक शैवाल में जा फंसा होगा। जिस कारण वह पानी से बाहर नहीं निकल पाया होगा और उसकी मौत हो गई ।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रविंद्र अपने घर का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था।

## बिजली लचर व्यवस्था से परेशान ग्रामीण उतरे सड़क पर

**अपेम लाइव : लातेहार**



बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय मे बढ़ती गर्मी के कारण लोग परेशान तो हो ही उपर से बिजली की आंख मिचौली जले पर नमक का काम कर रही है। परिणाम स्वरूप बालूमाथ के ग्रामीण जनता सोमवार को सड़क पर उतर कर यातायात को जाम कर दिया जाम कर दिया।बहुत मशक्कत से बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम. बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा के आग्रह ग्रामीण माने और जाम हटाया।इस सम्बन्ध में बालूमाथ मुखिया ने कहा कि मनुष्य के मूलभूत आवश्यकताओ में बिजली पानी भोजन शिक्षा।सड़क और चिकित्सा आता है।ग्रामीण जनता तो अन्य सारे आवश्यकताओं को जैसे तैसे पूरा कर लेता है पर बिजली की व्यवस्था कैसे करें? जैसे-जैसे मनुष्य का आर्थिक विकास हो रहा है मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं में बिजली का उपयोग बढ़ता जा रहा है।सरकार इसे पूरा करने में असमर्थ नजर आ रही है। ज्ञात हो कि बालूमाथ में 24 घंटे मे 2 से 3 घंटे हीं बिजली आपूर्ति की जा रही है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आगामी 25 जून को साहू भवन चौपारण में होंगा प्रतिभा सम्मान समारोह

### दशवी बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास हुवे विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**अपेम लाइवः चौपारण**
**चंदन राणा**



चौपारण (हजारीबाग) : रविवार को साहू भवन चौपारण में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा बरही अनुमंडल की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरही अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू व संचालन युवा अध्यक्ष बीरबल साहू ने किया। मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें समाज के मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए समाज के होनहार बच्चों का सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 25 जून को दिन रविवार को साहू भवन चौपारण में समय करीब 11 बजे की जाएगी। बैठक में अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू, पूर्व अध्यक्ष सीताराम साहू, संरक्षक चेतलाल प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, युवा अध्यक्ष बीरबल साहू, कोषाध्यक्ष राजदेव गुप्ता, नारायण साहू, सुरेश साव, आशीष कुमार गुप्ता, सुशील साहू, रोहित कुमार साव, विजय साव एवं सुखदेव साहू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल पहुंचे डॉ जेपी शूर, चर्चा-परिचर्चा में लिया भाग

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : स्थानीय बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में डीएवी क०लेज मैनेजिंग कमिटी दिल्ली के पब्लिक स्कूल्स-1 के निदेशक आर्य रत्न ड० जेपी शूर ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। ड० जेपी शूर के साथ झारखंड राज्य डीएवी पब्लिक स्कूल्स के जोन बी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक एमके सिन्हा, जोन सी और जी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक अरुण कुमार और जोन ए के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ओपी मिश्रा उपस्थितभी मौजूद रहे।इससे पहले स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में लातेहार डीएवी स्कूल की जमीन को सीबीएसई से मान्यता दिलाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी।इस अवसर पर ड० शूर ने कहा कि हम सभी एक परिवार व एक संस्था के सदस्य हैं। हम सब एक दूसरे के साथ खड़े हैं। इसके बाद अधिक. ारियों ने स्कूल के शैक्षणिक स्तर और परिणाम पत्र प्रदर्शन का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय के विकास में आ रही बाधाओं को दूर करने और छात्र व कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने की बात कही। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, रांची के प्राचार्य एसके सिन्हा, डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची के प्राचार्य विनय कुमार पांडेय, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के प्राचार्य जीएन खान और डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची के प्राचार्य एसके मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## हजार बागों का जिला हजारीबाग,राष्ट्रीय उद्यान है विद्यमान : मुकुंद साव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**चंदन राणा**




चौपारण(हजारीबाग) 257 पंचायत,16 प्रखंड,02 अनुमंडल,01 नगरनिगम वाला जिला हजारीबाग राजधानी रांची से 97 किमी दूर पर बसा है। यह एन एच 33 पर स्थित है। हजारीबाग जिला उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित है। इस जिले के उत्तर में कोडरमा, पूरब में बोकारो, दक्षिण में रामगढ़,और पश्चिम में चतरा जिलेऔर गया जिला का जंगल हैं। कोडरमा,चतरा ,गिरिडीह ,धनबाद,बोकारो,और रामगढ़ जिलों का निर्माण इस जिले से अलग कर किया गया है। यह क्षेत्र कई पठारों, पहाड़ों और घाटियों से भरा है। इस जिले के दो प्राकृतिक विभाजन हैं; मध्यवर्गीय पठार, निचला पठार ए जिला मुख्यालय मध्यवर्गीय पठार का एक हिस्सा है जो समुद्र के स्तर से करीब 2,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है ए मध्यवर्गीय पठार के पश्चिमी भाग को छोड़कर, पूरा क्षेत्र निचले पठार से घिरा हुआ है। निचले पठार के ऊंचाई समुद्र के ऊपर 1,300 फीट है , इस जिले की मुख्य नदी बराकर नदी हैं। इस जिले के लगभग 40ः क्षेत्र वन क्षेत्र है। इस जिले के वन क्षेत्र औषधीय पौधों और पेड़ों से भरा है। जागरूकता की कमी और लापरवाही के कारण वे विलुप्त होने के कगार पर हैं। चीते, भालू, सियार और लोमड़ियों आदि स्वतंत्र रूप से इन जंगलों में विचरण करते थे पर अब लगभग लुप्त होते जा रहे है,। सर्दियों के मौसम में कई विदेशी पक्षियों इन जंगलों क्षेत्रों में आना होता है । इस जिले के अधिकांश भाग जंगलों और पत्थरों से भरे हुए हैं ,पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण सिंचाई सुविधा इस जिले में पर्याप्त नहीं हैं, यहां आमतौर पर सिंचाई के लिए छोटे प्राकृतिक नाला, कूप, इस्तेमाल हो रहे हैं, सिंचाई का कोई अन्य प्राकृतिक स्रोत उपलब्ध नहीं है ,दामोदर घाटी परियोजना भी इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, 2011 के जनगणना के अनुसार हजारीबाग की जनसंख्या 17 लाख 34 हजार है, क्षेत्रफल 4302 वर्ग किला.मीटर है,हजारीबाग जिला में कुल 16 प्रखंड है जिसमे हजारीबाग सदर,टाटीझरिया, कटकमसांडी, कटकमडाग, दारू,बिश्नुगढ़,बड़कागांव,केरेडारी,इचाक, पदमा, चलकुसा,बरही चौपारण,और बरकट्ठा शामिल है इन प्रखंडों में चौपारण सबसे बड़ा और सीमा पर अवस्थित है,,इस जिले की स्थापना 1886 में हुई थी,1992 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, कनहरी पहाड़, सूर्य कुंड,नेशनल पार्क,मेडिकल क०लेज एंड ह०स्पिटल,केंद्रीय कारा,संत जेवियर स्कूल,रेलवे स्टेशन,हजारीबाग का धरोहर के रूप में जाना जाता है,हजारीबाग का नया समाहरणालय,अपने आप में हजारीबाग का सिरमौर है,बरही का अनुमंडल भवन,दनुवा - भलुवा का एक्सीडेंटल जोन,इचाक का मंदिर,बिश्नूगढ़ का बड़ा अखाड़ा,चौपारण का खिरममोहन,टाटीझरिया का गुलाबजामुन,इचाक का बा.लूशाही,हजारीबाग का स्टेडियम,हजारीबाग का पहचान बना हुआ है,हजारीबाग जिला दो लोकसभा क्षेत्र में विभक्त है,पहला हजारीबाग लो.कसभा जिसमे हजारीबाग जिला ंअ चौपारण, बरही,पदमा, सदर, कटकमसांडी, कटकमदाग, दारू टाटीझरिया,बिश्नुगढ, चुरचू डाड़ी शामिल है,जयंत सिन्हा हजारीबाग के सांसद है,बरही,चौपारण और पदमा बरही विधान सभा में है जिसका नेतृत्व उमा शंकर अकेला है,बरकट्ठा, चलकुसा और इचाक बरकट्ठा विधान सभा में है जिसका नेतृत्व अमित यादव कर रहे है, कटकमसांडी,कटकमदाग, सदर और दारू मिलाकर मनीष जायसवाल के नेतृत्व में सदर विधान सभा चल रहा है,केरेडारी,बड़कागांव और पतरातु, बड़कागांव विधान सभा सुश्री अम्बा प्रसाद नेतृत्व कर रही है तथा चुरचू,बिष्णगढ़, डा ड़ी मिलाकर मांडू विधान सभा जय प्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में चल रहा है

## खोड़ाहर उपमुखिया का एक साल का कार्यकाल पूरा, कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया जश्न

**अपेम लाइव : बरही**




बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहार पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जश्न मनाया। उपमुखिया रोहित यादव ने कहा की पंचायत में विकास का कार्य जोर - शोर से चल रहा है, एक साल में करीब 20 - 25 लाख की राशि का कार्य पूरे पंचायत में की गई है। जिसमे जलमीनार, नाली निर्माण एवं पीसीसी पथ आदि शामिल है। साथ ही विधायक व सांसद मद से भी कई सारे विकास योजनाओं का कार्य पंचायत में हो रहा है। वहीं उपमुखिया रोहित यादव ने इस प्यार और आशीर्वाद के लिए जनता का आभार जताया है।

## ब्रह्म विद्या विहंगम ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। वहीं सत्संग में सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने सत्संग में शामिल हुए सभी को ब्रह्म विद्या विहंगम योग के विशेषता को बताए। साथ ही सत्संग में कार ध्वनि, स्वगतगान, मंगलगान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया एवं ज्ञान गुदड़ी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, उद्घोष सत्येंद्र सिंह, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, भजन ममता देवी, सुनीता देवी एवं समुंद्री देवी, प्रवचन डॉ महेश प्रसाद ने किया। मौके पर चंद्र मोहन मिश्रा, राजदेव सिंह, अनिल केशरी, देवधारी प्रजापति, सुनीता देवी, यशोदा देवी, अनिता देवी, ममता देवी एवं किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह मौजूद थे।

## आजसू के स्थापना दिवस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने का निर्णय

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई की बैठक सोमवार को प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल तथा संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला ने किया। बैठक में केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार आगामी 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि कार्यक्रम का आयोजन मांडू विधानसभा कार्यालय, रांची रोड, रामगढ़ में होगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में जिला सचिव महादेव देहाती, वरिष्ठ नेता रंजीत गुप्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष गौतम वर्मा, बाबू खान, सुधीर कुमार, गोविंद महतो, भागीरथ कुमार महतो, रवि कुमार, सतीश कुमार, रंजीत कुमार, राजकुमार, अभिषेक कुमार, बिनोद बिहारी महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रथ यात्रा की तैयारी पूरी, मंगलवार को निकलेगी यात्रा

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : शहर के ठाकुरबाड़ी से 20 जून को रथ यात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारियां पूरी हो गई है। इससे पहले जगन्नाथपुरी, उड़ीसा से भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा की सुसज्जित विग्रह लाते. हार लायी गयी।चंदवा के समाजसेवी राजेश चंद्र पांडेय ने राधा कृष्ण मंदिर प्रबंधन को प्रतिमाएं समर्पित की।मंदिर में विग्रहों के परिवर्तन की चर्चा पर राजेश चंद्र ने विग्रह उपलब्ध कराने की बात कही और जगन्नाथ पुरी से विग्रहों की खरीदारी कर मंदिर को उपलब्ध कराया। बता दें कि राधा कृष्ण मंदिर परिसर से विगत 26 वर्षो से रथ यात्रा निकाली जा रही है।मंदिर के महंत दिलीप उपाध्याय ने बताया कि रथ यात्रा को लेकर सोमवार को नेत्र उत्सव मनाया गया। वहीँ मंगलवार को पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर परिसर से रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जायेगी। उन्होंने आम लोगों मंदिर परिसर पहुंचकर पूजा और रथ यात्रा में भाग लेने की अपील की है। मौके पर राजमणि प्रसाद, श्याम मूर्ति गुप्ता, बृजेश अग्रवाल व अशोक प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## तेजस्विनी क्लबों के चौथे साल तक के कार्यो का राज्य स्तरीय टीम ने किया अंकेक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : झारखण्ड महिला विकास समिति एवं हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना लातेहार जिला कार्यालय में सोमवार को जिला अंतर्गत तीन प्रखंड के कुल 24 तेजस्विनी क्लब का अंकेक्षण का कार्य किया गया।इस दौरान अंकेक्षण पदाधिकारी सतीश ने तेजस्विनी क्लब लेवल पे किये गए कार्यो का बारीकी से मूल्यांकन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से तेजस्विनी परियोजना लातेहार जिला कार्यक्रम प्रबंधक रमण विश्वकर्मा एवं डीकेई मिथलेश शर्मा,जॉन टीम से श्री कृषण एव प्रखंड समन्वयक राजकुमार प्रजापति, निरंजन गुप्ता, जियाउल हक, बिरजू राम, जया कुमारी के साथ युवा उत्प्रेरको ने अपने अपने क्लब का अंकेक्षण में क्लब पासबुक का मिलान रोकड़ पंजी एवं मीटिंग रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेज की जाँच कराई।

## कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का 53वाँ जन्मदिन

**अपेम लाइवः बरही**



बरही प्रखंड परिसर में स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में कांग्रेसियों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। आज सोमवार को एपीजे अब्दुल कलाम पार्क मैं बरही के सच्चे समर्पित जुझारु कांग्रेसियों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया इस बीच कांग्रेसियों ने लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। जन्म दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप व संचालन नरेश सिंह ने किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कहा आजादी की लड़ाई में योगदान ना देने वाले लोग असली देश विरोधी हैं राहुल गांधी सच्चे देशभक्त है कांग्रेसियों ने आगे कहां है राहुल गांधी जी के सिद्धांतों एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम हम सभी कांग्रेस के सिपाहियों की पहली प्राथमिकता है। जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, मास्टर शरीफुल हक, नरेश सिंह, प्रयाग यादव, सुशील केसरी उर्फ नुनु, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, द्वारिका रविदास, मोहन प्रजापति, राजू यादव, वासुदेव यादव, प्रमोद सिंह, रवि कुमार एवं विजय रविदास समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 को लेकर उपायुक्त ने किया राजनीतिक दल के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन हेतु सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 को लेकर बैठक हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए गए हैं। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा।उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि वह लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।बताया कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसमें 17 अक्तूबर से 30 नवम्बर 2023 तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा। जिस-जिस घर का सर्वे होगा, उसकी पहचान के लिए घर के बाहर इस आशय का एक स्टीकर भी चिपकाया जाएगा। साथ ही सर्वे करने वाले इससे जुड़ा ब्योरा एक रजिस्टर में भी दर्ज करेंगे। इसका सत्यापन भी कराया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, उप निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेड़ के बिना जीवन की कल्पना असंभव : दीपक

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना करना भी असंभव है। आज हमारे देश में जीतने पेड़ लगाए जा रहे हैं। वहीं इससे कई गुणा विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। ऐसे में पेड़ ही नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन का विनाश होना तय है। उक्त बातें लातेहार मेन रोड़ स्थित सुंदर क०म्पलेक्स में पिपल के वृक्ष लगाने के दौरान धर्मपुर निवासी दीपक प्रसाद उर्फ पिंटू ने कही।ज्ञात हो कि पिंटू पहले भी कई वृक्ष लगाने का कार्य किया है। दीपक ने बताया कि कुछ साल पहले बीएसएनएल ऑफिस के पास एक पेड़ लगाया था जो आज इस क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को छावं देने का कार्य कर रही है। कहा कि आज हमारे देश में कहीं भवन बनाने के लिए तो कहीं सड़क बनाने के लिए पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। सरकार वृक्ष तो लगा रही है पर केवल वृक्ष लगा देने से नहीं होता है उसका देखरेख भी करना पडता तब जाकर वह पेड़ का रूप लेता है। इस अवसर पर सतीश मोदनवाल, अजीत, प्रियांशु राज गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

Bibek Maji (Director)
Mob : 7488175500

Kuldeep Pd. Rajak (Director)
Mob : 9934576931

SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum
Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School, Navodaya & Netarhat etc.
Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844

JHNH
Reg. No. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।



BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile, Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।



24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590
NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर-लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट-825405